**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1760**

**उत्तर देने की तारीख : 05.12.2024**

# एमएसएमई संकुलों का विकास

1760. **श्री बस्तीपति नागराजू:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 2021 से अब तक आन्ध्र प्रदेश की ओर से सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत एमएसएमई संकुलों के विकास हेतु वर्ष-वार कितने प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए हैं और कितने अनुमोदित हुए हैं;

(ख) एमएसई-सीडीपी योजना के अंतर्गत आन्ध्र प्रदेश की ओर से अनुमोदित परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति का ब्यौरा क्या है और इनके पूरा होने की संभावित समय-सीमा क्या है; और

(ग) 2021 से अब तक आन्ध्र प्रदेश की ओर से अनुमोदित परियोजनाओं हेतु आवंटित, संवितरित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) और (ख) : सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) योजना के तहत, 2021-2022 से अब तक आंध्र प्रदेश राज्य में सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) के 06 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) योजना के तहत आंध्र प्रदेश में अनुमोदित सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) का वर्ष-वार विवरण, इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए संभावित समय सीमा के साथ-साथ इनकी वास्तविक प्रगति का वर्ष-वार विवरण (अनुबंध–I) संलग्न है ।

(ग) : सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) एक मांग आधारित योजना है जिसके तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें अनुमोदित परियोजनाओं के लिए अपेक्षित निधि हेतु प्रस्ताव करती हैं। सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) योजना के तहत वर्ष 2021-2022 से अब तक आंध्र प्रदेश से अनुमोदित परियोजनाओं के लिए संवितरित निधियों का वर्ष-वार विवरण (अनुबंध – II) संलग्न है ।

*****

**अनुबंध–I**

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं.1760, जिसका उत्तर दिनांक 05.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) एवं (ख) के संदर्भ में अनुबंध**

सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) योजना के तहत सामान्य सुविधा केंद्रों (सीएफसी) के लिए अनुमोदित/विकसित परियोजनाओं और आंध्र प्रदेश में इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अपेक्षित समय सीमा के साथ वास्तविक प्रगति का वर्ष-वार विवरण इस प्रकार हैः

| क्र.सं. | क्लस्टर का नाम | अंतिम अनुमोदन की तारीख | परियोजना की वैधता/पूरा करने के लिए अपेक्षित समय सीमा | परियोजना लागत | भारत सरकार का अनुदान | भारत सरकार द्वारा जारी अनुदान | वास्तविक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | (रु लाख में) | | | |
| 1. | दालों एवं दालों के उत्पाद क्लस्टर में सीएफसी, मचावरम गांव, रायवरम मंडल, पूर्वी गोदावरी जिला | 16.11.21 | 31.03.25 | 1483.06 | 1038.14 | 726.70 | 70% |
| 2. | प्रिंटिंग क्लस्टर, काकीनाडा, पूर्वी गोदावरी जिले में सीएफसी | 29.07.21 | 31.12.24 | 1476.00 | 1033.20 | 929.88 | 85% |
| 3. | **स्वर्ण आभूषण क्लस्टर, जग्गय्यापेटा, कृष्णा जिले में सीएफसी** | 19.08.21 | 31.10.24 | 800.00 | 614.52 | 430.16 | 70% |
| 4. | **फर्नीचर विनिर्माण क्लस्टर, राजमुंदरी में सीएफसी** | 19.08.21 | 31.03.25 | 1498.41 | 1048.88 | 0.00 | 40% |
| 5. | होजरी और रेडीमेड गारमेंट्स क्लस्टर, नेल्लोर में सीएफसी | 26.11.21 | 31.03.25 | 822.98 | 576.08 | 0.00 | 45% |
| 6. | प्रिंटिंग क्लस्टर, तिरुपति में सीएफसी | 07.06.24 | 07.12.25 | 2519.26 | 1763.48 | 0.00 | 30% |

**अनुबंध-II**

**लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं.1760, जिसका उत्तर दिनांक 05.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (ग) के संदर्भ में अनुबंध**

सूक्ष्म और लघु उद्यम - क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के तहत 2021-2022 से अब तक आंध्र प्रदेश से अनुमोदित परियोजनाओं के लिए संवितरित निधियों का वर्ष-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| **वर्ष** | **संवितरित निधियां/भारत सरकार द्वारा जारी अनुदान (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|
| 2021-2022 | 0.00 |
| 2022-2023 | 4.13 |
| 2023-2024 | 14.89 |
| 2024-2025 (02.12.2024 तक की स्थिति के अनुसार) | 1.84 |
| **कुल** | **20.86** |

*****